मौत

**एक महीने के भीतर यह तीसरे बाघ की मौत,पोस्टमार्टम में होगा खुलासा**

# कान्हा टाइगर रिजर्व में एक और नर शावक का मिला शव





**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के वन क्षेत्र में एक बाघ की मौत का मामला सामने आया है। घटना 23 अप्रैल 2026 को वनमण्डलाधिकारी उत्तर (सामान्य) वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत पूर्व बैहर वन परिक्षेत्र के जत्ता बीट के कक्ष क्रमांक 1618 में हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके को सुरक्षित कर लिया और आसपास के क्षेत्र में सघन जांच शुरू की। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (ह्रझ्ष्ट) नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया अपनाई गई। मृत बाघ का पोस्टमार्टम वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अमोल रोकडे द्वारा किया गया। प्रारंभिक जांच में बाघ के दांत को छोड़कर शरीर के अन्य सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत बाघ के शव का अंतिम संस्कार (भस्मीकरण) वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान वनसंरक्षक सुश्री संध्या, वनमण्डल अधिकारी रेशम सिंह धुर्वे, उपवनमण्डल अधिकारी राकेश शाक्यवार, वनक्षेत्रपाल कंदर्भ भट्ट सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई। वन विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2561/82 दिनांक 23 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले और महिला विरोधी है विधायक पटेल

**जनपद पंचायत अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले ने तथ्यों के साथ लगाये आरोप**



**नवभारत, वारासिवनी।** राजनीति में नेताओ का झूठा श्रेय लेना और एक दूसरों को अपने से छोटा दिखाने का चलन आम बात हो गई है। बात भूमिपूजन समारोह,लोकार्पण समारोह सहित अन्य कार्यक्रमो की करे तो ऐसे वाक्यात अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाते है। बात जब एक ही मंच पर पक्ष विपक्ष काबिज हो और सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा विपक्ष के किसी दूसरे जनप्रतिनिधि की उपेक्षा या नजरअंदाज कर दिया गया हो तो हर किसी को समझ में आता है कि यह सब सत्ता पक्ष द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाकर वर्चस्व के लिए किया जा रहा है। ऐसा बालाघाट में विधायक अनुभा मुंजारे के साथ कई बार हो भी चुका है। जिसका उनके द्वारा खुलकर विरोध भी किया गया।

जनपद पंचायत खैरलांजी की अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले का आरोप है कि इसके पूर्व भी विधायक विवेक पटेल कई बार निर्माण कार्य के भूमिपूजन और लोकार्पण समारोहों में प्रोटोकोल का पालन न कर हल्की मानसिकता का परिचय दे चुके है। लेकिन वह हर बार चुप रही। जबकि प्रोटोकॉल के तहत यह सब गलत है। क्योंकि कई बार विधायक स्वयं ऐसे आरोप सत्ता पक्ष और प्रशासन पर लगा चुके है। जहाँ उनके प्रोटोकॉल का ध्यान नही रखा गया था। जो विधायक स्वयं चाहते है कि किसी भी शासकीय कार्यक्रमों में उनको प्रोटोकॉल के तहत मान सम्मान मिले। ऐसे विधायक यदि खुद ही प्रोटोकॉल का पालन नही करे और दूसरी महिला जनप्रतिनिधि का अपमान करे तो फिर उनकी सोच और मंशा पर सवाल उठना लाजमी है।

जप अध्यक्ष खैरलांजी के अनुसार हम एक ही पार्टी में होने के कारण मैंने इन बातों को हमेशा नजरअंदाज किया। लेकिन इस बार जब बात निर्माण कार्य के श्रेय लेने और उनके अधिकारों के हनन की सामने आयी तो मुझे विरोध करने सामने आना पड़ा। जिस निर्माण कार्य के स्वीकृति में विधायक द्वारा शायद कोई प्रयास नही किया गया हो उस कार्य को खुद की उपलब्धी बताना ठीक नही है। वर्ष 2024 में उनके द्वारा ग्राम पंचायत कन्हरगांव अंतर्गत ग्राम चीचोली के चन्दन नदी पर रिटर्निंग वॉल सहित अन्य ग्रामों में निर्माण कार्य खनिज मद से स्वीकृति के लिए कलेक्टर से मांग की गई थी। जिसका पत्र भी उनके पास है।

**श्रेय लेने की दिख रही है सनक**

लेकिन बात जब विधायक जैसे संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला जनपद पंचायत अध्यक्ष के साथ किया जाए तो इसे हल्की मानसिकता या पूर्वाग्रह से ग्रसित और श्रेय लेने की सनक से ज्यादा कुछ नही कहा जा सकता। ऐसे में यह लोग संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की कितनी भी वकालत क्यों न कर ले जब तक पार्टी में ऐसी सोच वाले विधायक या नेता रहेंगे महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए हमेशा संघर्ष ही करना पड़ेगा। ऐसे नेता हमेशा महिला नेताओं की राह में रोड़ा कब बन जाए कहा नही जा सकता।

# प्रदेश में खनिज के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए 40 ई-गेट शुरू

**16 अप्रैल से अधिसूचना जारी बालाघाट जिले के कंजई में भी हुआ संचालन प्रारंभ**

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश में खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा प्रदेशभर में 40 ई-चेक गेट शुरू किए गए हैं। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के कंजई में भी ई-गेट का संचालन 16 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो गया है। इन ई-गेटों के माध्यम से रेत सहित अन्य खनिजों के परिवहन की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 में आवश्यक संशोधन किए जाने के बाद इन ई-चेक गेटों को संचालित किया गया है। यह पूरी तरह मानव-रहित प्रणाली है, जिससे खनिज परिवहन में लगी गाड़ियों की सतत निगरानी संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि अब खनिज परिवहन में लगे सभी वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (ऋस्नढ्ढष्ठ) टैग लगाना अनिवार्य होगा। यह टैग गाड़ी की फ्रंट विंडशील्ड पर लगाया जाएगा, जिससे ई-गेट से गुजरते ही वाहन की पूरी जानकारी स्वत: सिस्टम में दर्ज हो जाएगी। इससे ओवरलोडिंग, नंबर प्लेट छिपाने या अन्य प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।


ई-चेक गेट में वेरीफोकल कैमरा, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर (एनएनपीआर) एवं आरएफआईडी रीडर जैसे आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जो गाड़ी की संख्या, खनिज की मात्रा और वजन का स्वत: मिलान करेंगे। यदि ई-ट्रांजिट पास (ईटीपी) में दर्ज जानकारी और वास्तविक परिवहन में अंतर पाया जाता है, तो संबंधित वाहन मालिक पर ऑनलाइन कार्रवाई की जाएगी।

उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने यह भी बताया कि ई चेक गेट जानकारी के आधार पर नियमों के उल्लंघन पर उस वाहन का पंजीयन निरस्त या निलंबित किया जा सकता है। साथ ही नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कलेक्टर द्वारा वाहन जब्त करने के निर्देश भी दिए जा सकेंगे। ई-चेक गेट से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर खनिज परिवहन में अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रॉयल्टी रसीद में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज परिवहन पाए जाने पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ई-गेट प्रणाली के शुरू होने से खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# विधायक मुंजारे के स्वीकृत कार्य की जांच करा रहे सम्राट सरस्वार

**कांग्रेस में गुटबाजी, मामला समनापुर रोड निर्माण का**

**नवभारत, लालबर्रा।** लालबर्रा नगर मुख्यालय स्थित बस स्टैंड से अमोली समनापुर निर्माणाधीन सीमेंट सड़क कार्य का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ज्ञात हो कि उक्त सड़क का एक बड़े भाग का निर्माण लगभग 6 वर्ष पूर्व हो चुका है किन्तु 500 मीटर सड़क का निर्माण विवाद के चलते नहीं हो पाया था 6 वर्ष पूर्व से ही उक्त अधूरी सीमेंट सड़क निर्माण कार्य कराए जाने हेतु तत्कालीन केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन द्वारा भी 2-3 बार भूमिपूजन भी किया गया किंतु सड़क नहीं बन सकी और लोगों को लंबे समय से आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था जिसपर वर्तमान विधायक बालाघाट अनुभा मुंजारे से स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों द्वारा उक्त मार्ग में शेष बची सीमेंट सड़क निर्माण पूरा करने के लिए मांग की गई थी जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा गंभीरता से लेते हुए भोपाल स्तर पर मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, लोकनिर्माण विभाग मंत्री व सचिवालय में अधिकारियों के समक्ष अपनी यह बात रखी जिस पर उनके प्रयासों से उक्त मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 61 हजार रुपए स्वीकृत हुए और कार्य प्रारंभ किया गया। जिसका दो बार विधायक अनुभा मुंजारे, अधिकारीगण व स्थानीय जनप्रतिनिधियो के साथ निरीक्षण भी किया गया है।



कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट (म०प्र०)

क्रमांक/ 1311 /जि.पं./शिका.शा./2026 बालाघाट, दिनांक 13/04/2026

प्रति,

1. श्री मनोज धुर्वे, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 02 जिला बालाघाट।
2. श्री बी.एल.उइके, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जिला बालाघाट।

विषय :- अमोली-समनापुर मार्ग के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता एवं घटिया निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच किये जाने बाबत्।

संदर्भ :- श्री सम्राट सिंह सरस्वार जी, माननीय अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत बालाघाट का पत्र क्रमांक 941/2026 दिनांक 25/03/2026

--00--

उपरोक्त विषयांतर्गत श्री सम्राट सिंह सरस्वार जी, माननीय अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत बालाघाट म.प्र. के संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

अतः आप उक्त शिकायत पत्र में उल्लेखित बिन्दुओं/तथ्यों की तथ्यात्मक जांच की जाकर जांच प्रतिवेदन 07 दिवस के भीतर अपने स्पष्ट अभिमत सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(अभिषेक सराफ, भा.प्र.से.)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बालाघाट

क्रमांक/ 1312 /जि.पं./शिका.शा./2026 बालाघाट, दिनांक 13/04/2026

प्रतिलिपि :-

सम्राट सिंह सरस्वार जी, माननीय अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत बालाघाट की ओर संदर्भित पत्र के संबंध में सादर सूचनार्थ प्रेषित। (निवास-(1) वार्ड नं. 27 "राणा हनुमान सिंह भवन" सर्किट हाउस बालाघाट म.प्र.(2) डी-टाईप बंगला, वावनथड़ी कॉलोनी, बालाघाट म.प्र.)

कलेक्टर, जिला बालाघाट की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

शिकायतकर्ता ग्रामीणजन ग्राम पंचायत अमोली तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. की ओर उक्त मार्ग की जांच के समय संयुक्त जांच दल के समक्ष ...

प्राप्त जानकारी अनुसार लालबर्रा के भाजपा नेताओ मंशा नुरुप कार्य नहीं होने का आरोप लगाया गया और कार्य के दौरान कार्यरत साइड इंचार्ज से मारपीट गलीगलौच इत्यादि का मामला भी सामने आया और कुछ समय कार्य रुक सा गया किंतु आपत्ति के विषय और मार्ग की गुणवत्ता का स्वयं विधायक मुंजारे ने अपने साथियों प्रतिनिधि के साथ निरीक्षण कर कार्य को पुन: प्रारंभ कराया था। किंतु भाजपा नेताओ व आपत्तिकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार से भेंट कर सड़क निर्माण में सवालिया निशान लगाते हुए शिकायत की, जिसके आधार पर जिला पंचायत अध्यक्ष बालाघाट द्वारा तत्काल ही निर्माण कार्य रोकने व उच्चस्तरीय जाँच करवाने मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक सर्राफ को पत्र लिखकर जॉच करवाई जा रही है। अब देखना होगा की कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा स्वीकृत कार्य की जाँच कांग्रेस के ही जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार करा पाने में सफल हो पाते है या नहीं लेकिन यह तो तय है कांग्रेस में ही अंदरखाने गुटबाजी तो स्पष्ट नजर आ रही है।

इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार के शिकायती पत्र पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक सर्राफ द्वारा दो विभागों के कार्यपालन यंत्रियों की टीम गठित कर जॉच करवाई जा रही है।

## गेहूं खरीदी के लिए 1351 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 24 अप्रैल तक जिले के 245 किसानों से 4470 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा।

# एक ट्रिप चलेगी हावड़ा-हड़पसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने हेतु यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01452 हावड़ा-हड़पसर (पुणे) के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर भी रहेगा। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01452 हावड़ा से हड़पसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार 26 अप्रैल को एक तरफ़ा हावड़ा स्टेशन से मध्यरात्रि 00:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना मध्य रात्रि 01:00 बजे, कटनी 02:20 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, इटारसी 11:50 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार सुबह 07:00 बजे हड़पसर (पुणे) पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी कोच सहित कुल 18 कोचेस होंगे।

**हावड़ा-सीएसएमटी के बीच विशेष गाड़ी**

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर है गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा से सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 25 अप्रैल को हावड़ा स्टेशन से रात्रि 23:00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना रात्रि 23:00 बजे, पहुंचकर तीसरे दिन कटनी मध्यरात्रि 00:20 बजे, जबलपुर 01:50 बजे, इटारसी 09:50 बजे पहुँचकर और चौथे दिन मंगलवार सुबह 05:00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।

## यार्ड से डीजल चोरी का हुआ खुलासा, पकड़े गए आरोपी

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे सुरक्षा बल, मदन महल चौकी द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए भिटौनी यार्ड से डीजल चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि 20 से 23 अप्रैल के मध्य भिटौनी यार्ड के एएंडडी साइडिंग पर खड़े डीजल इंजन क्रमांक 12510 से लगभग 200 लीटर डीजल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी इस पर रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर चौकी मदनमहल की टीम गठित कर तत्काल जांच शुरू की गई। आगे बताया गया कि 23 अप्रैल को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन आरोपियों को मौके से 45 लीटर डीजल के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आशीष कुमार मल्लाह (22 वर्ष), निवासी नर्मदा कॉलोनी, भिटोनी, यशवंत गौड़ उर्फ गद्दार (20 वर्ष) और माधव रैकवार उर्फ राज (19 वर्ष), निवासी नर्मदा कॉलोनी, भिटोनी के रूप में हुई है।

# 'नारी शक्ति वंदन के नाम पर दिखावा !

**आंकड़े खोल रहे सरकार की सच्चाई : शिव जायसवाल'**



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट मध्यप्रदेश विधानसभा का 27 अप्रैल को प्रस्तावित विशेष सत्र, जिसमें 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा होनी है, अब राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। आम आदमी पार्टी ने इस सत्र को जमीनी हकीकत से दूर बताते हुए सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

बालाघाट जिले के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि 'प्रदेश में महिलाओं के नाम पर चर्चा तो हो रही है, लेकिन उनकी राजनीतिक भागीदारी बेहद सीमित है।'

उन्होंने बताया कि 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 163 विधायकों में लगभग 21 महिलाएं ही शामिल हैं, जो महिलाओं की वास्तविक भागीदारी पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में मात्र 7 महिला जिला अध्यक्ष हैं, जबकि मंडल स्तर पर महिलाओं की भागीदारी लगभग नगण्य है।

इसके बाद उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'जमीनी हकीकत और भी चिंताजनक है।'

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ 32,000 से अधिक अपराध दर्ज हो रहे हैं, वहीं रोजाना लगभग 20 दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, जो सालाना 8,000 से अधिक तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा 20,000 से ज्यादा घरेलू हिंसा और उत्पीड़न के मामले दर्ज हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के अपहरण के भी हजारों मामले हर साल सामने आ रहे हैं, और बाल अपराध के मामलों में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है, जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

आप के जिला अध्यक्ष ने कहा कि 'महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बात तभी सार्थक होगी, जब उन्हें वास्तविक सुरक्षा,न्याय और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी मिले।'

उन्होंने मांग की कि इस विशेष सत्र में केवल चर्चा न होकर महिलाओं की सुरक्षा, अपहरण और अपराध पर नियंत्रण के लिए ठोस निर्णय, प्रभावी कानून और समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए।

# जूते-मोजे पहनकर परीक्षार्थियों को नहीं मिलेगा प्रवेश

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए प्रशासन ने सख्त गाइडलाइन जारी की है। रविवार 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों को विशेष नियमों का पालन करना होगा। परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा, परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही केंद्र पर आ सकेंगे। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ-साथ,, पर्स, टोपी, धूप का चश्मा और बालों के क्लचर जैसी एक्सेसरीज ले जाना भी वर्जित किया गया है। स्टेशनरी के तौर पर पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का उपयोग भी वर्जित रहेगा; परीक्षार्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र और गोले बनाने के लिए निर्धारित पेन, स्वयं का फोटोग्राफ, पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों को उनके लिए आवश्यक सामग्री ही साथ ला सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश से पहले उनकी सघन तलाशी ली जाएगी।

# पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा

**प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रमों से गूंजा परिसर**




**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 10 से 25 अप्रैल 2026 तक 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 18 अप्रैल को कौशल विकास और उद्यमिता प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों द्वारा तैयार पारंपरिक एवं आधुनिक सजावटी वस्तुएं, हस्तनिर्मित आभूषण, मोतियों व धागों के गहने, मिट्टी के बर्तनों पर चित्रकारी तथा टोकरियां आदि आकर्षण का केंद्र रहीं। इस प्रदर्शनी में लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

21 अप्रैल को 'नारी शक्ति वंदन' एवं 'शिक्षा से सशक्तिकरण' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 46 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में ईशा बोपचे (एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर, भौतिकशास्त्र) ने प्रथम, मुस्कान ठाकरे ने द्वितीय तथा गंगोत्री चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 22 अप्रैल को मानसिक स्वास्थ्य, कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के उद्बोधन से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में फिरोजा खान (मानव अधिकार आयोग की आयोग मित्र एवं यूनेस्को से संबद्ध समाजसेविका) ने लैंगिक समानता पर अपने विचार रखे। इसके पश्चात अधिवक्ता माधुरी कटरे ने महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं साइबर सुरक्षा पर जानकारी दी। वहीं मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर कु. रोशनी टेम्भरे ने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। 23 अप्रैल को 'नारी शक्ति वंदन' एवं 'कल की महिला नेतृत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें रीमा गोदरे (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, माधवी पंचेश्वर (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा चंदा पांजरे (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे एवं नोडल अधिकारी डॉ. तारा सिंगराम के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। आयोजन में डॉ. सरिता खोब्रागड़े, डॉ. नाज़ली कुरैशी तथा श्रीमती सविता गेडाम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रमों में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## एक्टिवा सवार बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप कर्मचारी को लूटा

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत पाटबाबा रोड पर जीसीएफ गार्ड चौकी के पास दो अज्ञात बदमाशों ने एक ज्वेलरी शॉप कर्मचारी का रास्ता रोककर न केवल उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि सोने की चेन और कीमती मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, रांझी गुरुद्वारे के पीछे निवासी 20 वर्षीय पीयूष सिंह राजपूत सागर ज्वेलरी में काम करता है। बुधवार रात करीब 10 बजे वह रसल चौक से बिरयानी लेकर अपनी एक्टिवा से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पाटबाबा रोड पर जीसीएफ गार्ड चौकी के पास पहुँचा, पीछे से सफेद एक्टिवा पर आए दो बदमाशों ने अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे रोक लिया। पीयूष ने बताया कि बदमाशों ने रुकते ही उसे धमकाना शुरू कर दिया और मोबाइल व चेन की मांग की। विरोध करने पर बदमाशों ने पीयूष पर हमला कर दिया। एक बदमाश ने उसका हाथ मरोड़ दिया, जबकि पीली टी-शर्ट पहने दूसरे बदमाश ने उसके चेहरे पर जोरदार मुक्का जड़ दिया। हमले में पीयूष के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं। खून से लथपथ पीयूष कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आरोपी उसके गले से 2.5 ग्राम की सोने की चेन और लगभग 30 हजार रुपये का मोबाइल छीनकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हुलिए के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।

**नक़ली किन्नर बनकर वसूल रहे थे पैसे**

**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेनों में यात्रियों से जबरन वसूली करने वाले किन्नरो पर आरपीएफ ने कार्रवाई की है। बुधवार को आरपीएफ टीम ने ट्रेन नंबर 19052 श्रमिक एक्सप्रेस के जनरल कोच में जब जांच की, तो तीन किन्नर यात्रियों से वसूली करते पकड़े गए। जब इनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि ये नकली किन्नर हैं।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स नम्रता उपाध्याय, जाम मैग्नीज ओर माईन, जाम मैंगनीज अयस्क खदान की क्षमता विस्तार के साथ ओपनकास्ट से अंडरग्राउण्ड टेक्नोलॉजी में परिवर्तन हेतु माईनिंग ऑफ मिनरल्स, उत्पादन क्षमता में वृद्धि, क्षमता-5,000 टन प्रतिवर्ष से आर.ओ.एम. 31,117 टन प्रतिवर्ष 6,177 टन प्रतिवर्ष) लीज (एमएन ओर 25,000 टन प्रतिवर्ष एण्ड मिनरल्स रिजेक्ट क्षेत्र 8.09, खसरा क्रमांक 747, ग्राम जाम, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर बालाघाट (2) कार्यालय जिला पंचायत, बालाघाट, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द बालाघाट, (4) ग्राम जाम, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 29/05/2026 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 03:00 बजे मेसर्स नम्रता उपाध्याय, जाम मैग्नीज ओर माईन, ग्राम जाम, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट के खदान परिसर क्षेत्र में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी